# लोडेड पिस्टल-मैगजीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

## बेचने से पहले पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र ।** अवैध हथियारों की बड़ी खेप के साथ पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह जानलेवा हथियार बेचने से पहले पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी के कब्जे से 10 देशी पिस्टल के साथ 17 मैगजीन भी जब्त की गई है। भगवानपुरा पुलिस ने यह कार्रवाई पिपल्या बावड़ी क्षेत्र में की है।



जानकारी अनुसार आरोपी से जब्त की गई पिस्टल और मैगजीन की कीमत 3 लाख आंकी गई है। शनिवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी रविंद्र वर्मा ने बताया कि सूचना तंत्र को सक्रिय कर अवैध हथियारों पर कड़ी निगरानी रखने और उनके नेटवर्क को पहचान कर नष्ट करने के निर्देश दिए गए थे। इसी कड़ी में 19 जून को सूचना मिली कि एक युवक अपने घर से अवैध पिस्टल बेचने के लिए खरगोन की तरफ निकला है। सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर रवाना किया गया। पिपल्या बावड़ी रोड़ पर गठित दल ने सर्चिंग की। इसी दौरान एक संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसका पीछाकर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम राजपालसिंह पुत्र गुरुबचनसिंग सिकलीगर निवासी नवलपुरा बताया। राजपालसिंह के पास मिले बैग की तलाशी लेने पर उसमें 10 देशी पिस्टल मैगजीन सहित और 7 अतिरिक्त मैगजीन मिलीं। राजपालसिंह को गिरफ्तार कर सामग्री जब्त की। राजपाल से उक्त हथियार कहां से लाए गए, कहां सप्लाय होना था। अब तक किसे हथियार सप्लाय किए गए, इसकी पूछताछ की जा रही है। उल्लेखनीय है कि अवैध हथियार खरीद-फरोख्त का बड़ा नेटवर्क जिले में पनपा है, जिसके तार प्रदेश ही नही अपितु समूचे देश में फैला हुआ है। पुलिस इसे ध्वस्त करने का लगातार प्रयास कर रही है।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र ।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 का समापन समारोह एसपी रविन्द्र वर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को एसपी ने सम्मानित किया।

एसपी ने खिलाड़ियों को कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने खिलाडियों को नियमित अभ्यास, स्वस्थ जीवनशैली एवं खेल भावना के साथ आगे बढने् के लिए प्रेरित किया। जिला खेल अधिकारी पवि दुबे ने एक माह चले शिविर का प्रतिवेदन दिया। शिविर में एक माह तक विभिन्न खेलों जैसे फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी एवं मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान खिलाडियों ने खेल कौशल के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना एवं आत्मविश्वास का विकास किया। समापन अवसर पर खिलाडियों द्वारा खेल प्रदर्शन एवं कौशल प्रदर्शन प्रस्तुत किए गए, जिसकी उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने सराहना की। संचालन भानु प्रताप दसौधी ने किया। आभार जितेंद्र हिरवे ने माना।



# प्यासे सुन्द्रेल का फूटा गुस्सा, हाईवे जाम की चेतावनी

**नवभारत न्यूज**

**भीकनगांव, निप्र ।** खण्डवा खरगोन हाई वे पर स्थित ग्राम सुन्द्रेल में पेयजल संकट और बिजलवाड़ा परियोजना का पानी तालाब तक नहीं पहुंचने से किसानों और ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर पहुंच गया है। एक माह से लगातार आश्वासन मिलने के बावजूद पानी नहीं आने से लोगों का सब्र जवाब दे गया। नाराज ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल पानी नहीं छोड़ा गया तो नेशनल हाईवे खंडवा-बड़ौदा राज्य मार्ग पर चक्काजाम किया जाएगा। किसानों में भारी नाराजगी है और कभी भी सड़क पर उतरकर उग्र प्रदर्शन की स्थिति बन सकती है।

## एक नजर में

### अजाक्स के मेधावी विद्यार्थियों का पुरस्कार सम्मान समारोह 26 जून को

**भीकनगाव, निप्र ।** अनुसूचित जाति,जन जाति कर्मचारी अधिकारी संघ अजाक्स एवं सामाजिक संगठन,के द्वारा भीकनगाव मे वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं एवं बारहवीं मे 70% या उससे अधिक अंक प्राप्त छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। उक्त आयोजन स्थानीय डा अंबेडकर भवन में दिनांक 26 जून को किया जा रहा है। अजाक्स के तहसील अध्यक्ष कृष्णलाल गांगले एवं ब्लाक अध्यक्ष चैन सिंह डावर ने उक जानकारी देते हुए बताया कि अजाक्स के संभागीय महासचिव के बी मंसारे के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भीकनगाव एवं झिरन्या विकास खंड के छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। किन्तु यदि जिले के अन्य विकास खंड से भी पंजीयन रजिस्ट्रेशन आवेदन प्राप्त होगा तो ऊनको भी इस आयोजन में शामिल किया जायेगा। आयोजन समिति के आत्माराम अटोदे, रमेश चक्रवर्ती, झबरसिह मोरे, केसरे सिह डावर, राजेश फरकले, कालुराम भास्कर, नांदला डावर, ब्रजेश दोणे, पन्ना लाल गोलकर, गोपाल मोरे, छोटेलाल बडोले, चंदुलाल चौहान, संतोष मंडलोई, रायमल बरडे आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

### स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**गोगावा, निप्र ।** स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक डिप्टी कलेक्टर मैडम आकांक्षा अग्रवाल मैडम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिन स्वास्थ प्रोग्राम में उपलब्धि कम हुई है उसको एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए मीटिंग में सुपरवाइजर स्वास्थ्य एवं महिल बाल विकास विभाग, सी एच ओ, ए . एन . एम . एमपीएचडब्ल्यू उपस्थित रहे मीटिंग में सीएमएचओ सर द्वारा समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम अनमोल पोर्टल में गर्भवती महिलाओं का शीघ्र प्रथम तिमाही में पंजीयन करना, उनकी चार जांच सभी की करना , सभी प्रकार की सेवाएं देना, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान करना एवं उनका प्रबंधन करना, एवं पोर्टल पर इंट्री करना,यूवीन पोर्टल पर टीकाकरण सत्र के दिन बच्चों की इंट्री करना, जिन सब सेंटर से ओवर डीयू बच्चे है उनकी इंट्री दो दिवस मे पूर्ण करने के निर्देश दिए। बी . ई ई परसराम क्षेत्रे द्वारा ब्लॉक टास्क फोर्स बैठक में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान दिनांक 28 जून 2026 को आयोजित किया जाएगा जिसमें जीरो से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो बूथ पर पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी। मीटिंग में तहसीलदार साहब ,विजेंद्र भालेकर सीडीपीओ, शिक्षा विभाग से बी ई ओ सर, बी पीएम अशीष पवार, बीसीएम जितेंद्र पाटीदार द्वारा मीटिंग में जानकारी दी गई।

### सनावद के 333 परिवारों का अपने घर का सपना जल्द होने जा रहा साकार



**सनावद, निप्र ।** नगर के 333 परिवारों का अपने घर का सपना साकार होने जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2 .0 के अंतर्गत हितग्राही परिवारों ने योजना की राशि स्वीकृति प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर हर्ष व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हितग्राहियों को राशि स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। नगरपालिका परिषद कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सचिन बिरला, नपाध्यक्ष सुनीता इंदर बिरला एवं जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि स्वीकृति पत्र सौंपे। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'हर हाथ को काम, हर सिर पर छत' के संकल्प को पूरा करते हुए सनावद नगर के 333 परिवारों के पक्के घर के सपने को पूरा किया है। प्रत्येक हितग्राही के बैंक खातों में आवास योजना की 1 लाख रु की राशि का भुगतान किया गया है। विधायक ने कहा कि राशि स्वीकृति पत्र पाकर हितग्राहियों के चेहरों की मुस्कान ही प्रधानमंत्री आवास योजना की सफलता का प्रतीक है। सीएमओ राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2 .0 के अंतर्गत निकाय द्वारा कुल 437 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इस दौरान पूर्व संगठन मंत्री दिनेश शर्मा, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर, मनोज जैन, पार्षद गजेंद्र उपाध्याय, सुनील माली, गंगाभारती शर्मा, पूजा परिहार, पवन इंगला, ज्योति गुप्ता, दीप्ति बंसल, पवन अरझरे, अमिता मंत्री, रश्मि ठाकुर, सुदीश वर्मा, एल्डरमैन चंद्रशेखर निगम सहित बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।

### पुलिस ने कसरावद में किया फ्लैग मार्च



**कसरावद, निप्र ।** आगामी त्यौहार से पहले पुलिस का फ्लैग मार्च आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने शनिवार को कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला। थाना प्रभारी राजेंद्र बर्मन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुख्य बाजार, बस स्टैंड, इंदौर रोड और संवेदनशील इलाकों में मार्च निकाला फ्लैग मार्च पुलिस जवानों ने पैदल मार्च कर आम लोगों से संवाद किया और त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। थाना प्रभारी ने बाजार के व्यापारियों से मिलकर सीसीटीवी रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने को कहा। पुलिस ने अफवाहों से बचने की अपील की और कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर आईटी एक्ट में केस दर्ज होगा। कसरावद पुलिस 24 घंटे आपकी सेवा में तैनात है। कोई भी परेशानी हो तो तुरंत सूचना दे हमारा मकसद है कि सभी लोग भाईचारे के साथ त्यौहार मनाएं।' फ्लैग मार्च में एसडीओपी श्वेता शुक्ला, तहसील दास मुकेश मचार, कसरावद थाना प्रभारी राजेंद्र बर्मन थाना स्टाफ के साथ स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# ब्लाक अंतर्विभागीय मलेरिया कार्यशाला संपन्न

**गोगावा, निप्र ।** मलेरिया निरोधक माह के अंतर्गत जनपद पंचायत सभाग्रह गोगावां में ब्लाक अंतर्विभागीय मलेरिया कार्यशाला सम्पन्न हुई जिसमें सभी विभाग प्रमुखों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यशाला में ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉ एहमद रजा खान ने बताया कि आगामी वर्षाकाल में मौसम अनुकूल होने से मच्छजनित बीमारियों का खतरा बना रहता हैं जिसमे मलेरिया रोग प्रमुख है। समुदाय में मलेरिया से बचाव संबंधित जन जागरूकता से ही मलेरिया रोग का उन्मूलन सम्भव हैं । ब्लाक मलेरिया निरीक्षक अशोक कुशवाह ने बताया कि ब्लाक के सभी ग्रामो में गठित टीम द्वारा घर घर जाकर लार्वा व फीवर सर्वे का कार्य जारी हैं। टीम द्वारा बचाव की जानकारी जैसे मच्छरदानी का प्रयोग ,पानी का जमाव न होने देना ,लार्वा को नष्ट करना ,व अन्य बचाव संबंधित जानकारी देकर जागरूक कर रहे है व पिछले 5 वर्ष से मलेरिया रोग से कोई भी मरीज नही मिला ,शासन की मंशा हैं कि आने वाले वर्षो में मलेरिया रोग का पूर्ण उन्मूलन हो ,यह तभी सम्भव हैं जब सभी विभाग मिलकर सहयोग करे कार्यशाला में डिप्टी कलेक्टर आकांशा अग्रवाल ने कार्यक्रम की बारीकी से समीक्षा कर सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि शासन द्वारा दिये गए निर्देशों का पालन करे व आगामी आगामी वर्षाकाल में मच्छजनित बीमारी से कोई हताहत न हो ,हर ग्राम व स्वास्थ्य सस्था पर बुखार आने पर प्रयाप्त मात्रा में दवाई व किट उपलब्ध हो बैठक में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने पूर्ण सहयोग का अस्वासन दिया कार्यशाला में सी एम एच ओ डॉ डी एस चोहान तहसीलदार कुणाल आवास्या महिला बाल विकास अधिकारी विजेंद्र भालेकर ,,खंड विस्तार प्रशिशक्र परसराम क्षेत्रे ,,बी पी एम आशिष पंवार ,,बी सी एम जितेंद्र पाटीदार ,,व अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।



# जूनियर टीम A ने खिताबी मुकाबला जीता

**खरगोन, निप्र ।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में स्टेडियम मैदान पर चल रहे जूनियर एवं सीनियर वर्ग के क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को जूनियर टीम ए और टीम ई के बीच फायनल मुकाबला खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में टीम टीम ए ने खिताबी मुकाबला 30 रन से जीत कर स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। मीडिया प्रभारी विनोद चौहान ने बताया कि शनिवार को खेले गए फायनल मुकाबले में जूनियर टीम ए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 107 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम ई की पूरी टीम 13.5 ओवर में 71 रन पर आल आउट हो गई। श्री चौहान ने बताया सीनियर टीम के चल रहे मुकाबलों का फायनल मैच मंगलवार को खेला जाएगा। इस स्पर्धा में टीम ए और टीम एफ ने फायनल में जगह बनाई है।

# घर के सामने गड्ढा खोदने के विवाद में संघर्ष, आठ घायल

**खरगोन, निप्र ।** जिले के बलवाड़ा थाना क्षेत्र के लालपुरा में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक मकान के सामने गड्डा खोदने को लेकर हुए विवाद ने देखते ही देखते खूनी संघर्ष का रुप ले लिया। यहां एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल बलवाड़ा के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिसकर्मी के सामने भी दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट और पत्थरबाजी होती रही, जिससे स्थिति को नियंत्रित करने में प्रारंभिक तौर पर कठिनाई आई। हमले में घायल सुरेश राठौर ने पुलिस को बताया कि उसके छोटे भाई भाईराम के मकान के सामने सरदार और राजेश सहित अन्य परिजन गड्डा खोदकर दरवाजा लगा रहे थे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में तीखी बहस शुरू हो गई, मामूली कहासुनी के बाद हिंसक झड़प में बदल गई। विवाद के दौरान जमकर पत्थरबाजी हुइ, जिसमें एक-दूसरे पर बड़े-बड़े पत्थर फेंके गए। लाठी-डंडे से भी वार किए गए। कुछ धारदार हथियारों का भी इस्तेमाल होने का आरोप है। इस खूनी संघर्ष में घायल हुए आठों लोगों को सिर और शरीर पर जगह-जगह गंभीर चोटें आई हैं। सुरेश राठौर की शिकायत पर बलवाड़ा थाना पुलिस ने सरदार, राजेश सहित चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। एएसपी शकुंतला रुहल ने बताया मारपीट मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मारपीट में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए है।

# उर्दू प्राथमिक विद्यालय गोगावां में उर्दू शिक्षक पदस्थापना की मांग, सौंपा ज्ञापन

**खरगोन, निप्र।** शासकीय उर्दू प्राथमिक बालक विद्यालय गोगावां में उर्दू भाषा में दक्ष एवं प्रशिक्षित शिक्षकों की मांग जोर पड़ रही है। इसके अलावा नए शिक्षा सत्र में स्कूल में पदस्थ हिन्दी विषय की शिक्षिका का स्थानांतरण उर्दू माध्यम विद्यालय में किए जाने का विरोध भी शुरु हो गया है।

विद्यालय प्रबंधन समिति, पालक और उर्दू प्रेमी नागरिकों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर स्थानांतरण आदेश निरस्त करने की मांग की है। इसके अलावा ही विद्यालय में उर्दू विषय के योग्य एवं प्रशिक्षित शिक्षक की पदस्थापना का आग्रह किया है। जमीयत उलेमा.ए.हिंद इंदौर संभाग के अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद उमर कासमी ने सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि शासकीय उर्दू प्राथमिक बालक विद्यालय गोगावां पूर्णत: उर्दू माध्यम से संचालित विद्यालय है, जहां अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उर्दू विषय के शिक्षकी आवश्यकता है। उर्दू माध्यम विद्यालयों में पहले से ही उर्दू शिक्षकों की कमी बनी हुई है। ऐसी स्थिति में उर्दू विषय के शिक्षकों के स्थान पर अन्य विषयों के शिक्षकों की पदस्थापना से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होगी। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मांग की कि हिंदी शिक्षिका रीता वर्मा के स्थानांतरण आदेश की पुन: समीक्षा कर उसे निरस्त किया जाए।

# गाय को सम्मान दिलाने के लिए संतों ने मैदान संभाला

**मंडलेश्वर, निप्र ।** गाय को राष्ट्रमाता के समकक्ष सम्मान दिलाने सहित गाय के समक्ष अन्य चुनौतियों से निपटने के लिए सनातन समाज के साथ साधु संतो ने भी कमर कस ली है। गो सम्मान आव्हान अभियान के द्वितीय चरण में अब जिला स्तर पर देश भर के जिला मुख्यालयों पर गौ भक्त कलेक्टर को ज्ञापन देंगे।

ज्ञापन भारत के राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री संबंधित राज्य के महामहिम राज्यपाल और मुख्य मंत्रियों को गौ भक्तों द्वारा दिया जाएगा। इस संबंध में मंडलेश्वर के जूना श्रीराम में एक बैठक का आयोजन गौ भक्तों द्वारा किया गया जिसमे गुलावड़ आश्रम के संत श्री विजय रामदास जी महाराज और जूना श्रीराम मंदिर के पंडित पंकज मेहता ने शामिल होकर गौ भक्तों को दिशा निर्देश दिए। गुलावड़ आश्रम के संत विजय रामदास जी महाराज ने कहा कि यह हमारी पीढ़ी का सौभाग्य है कि हमने भगवान श्रीराम को भव्य मंदिर में विराजित होते देखा है जिसके लिए पिछले 1000 साल से संघर्ष चल रहा था। विधर्मी संस्कृति के कारण ही गाय को सम्मान नही मिल पाया। गाय सिर्फ पशु नही वह हमारी संस्कृति देवतुल्य माता है। राजस्थान ने गाय को पशु कि लिस्ट से हटा कर अलग दर्जा दिया है यह गौ माता के लिए सम्मान कि बात है। हमारा संघर्ष गाय को सम्मान दिलाने तक जारी रहेगा। पंडित पंकज मेहता ने गौ सेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गाय आदिकाल से ही वंदनीय है भगवान स्वयं गाय कि पुकार सुनते है वैदिक पूजा पद्धति में कोई भी अनुष्ठान गौ पूजन के बिना पूर्ण नही हो पाता है। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे अनिल भटोरे राजेश्वर पाटीदार हरिप्रसाद अग्रवाल गणेश मामा श्रीराम पाटीदार नन्द किशोर डोंगरे पवन सिंह तवर शिवराम पाटीदार मधुसूदन पाटीदार जितेंद्र पाटीदार श्याम शर्मा को हस्ताक्षर अभियान के लिए जिम्मेदारी दी गई।



# बडाटिया के जंगल में हनुमानजी के मंदिर में होंगे कार्यक्रम

**कसरावद, निप्र ।** तपोभूमि कसरावद क्षेत्र के ग्राम चिचलाय स्थित अति प्राचीन हनुमान मंदिर बडाटिया में मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन होंगे। हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन रखा गया है। आयोजन को लेकर ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है और तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आयोजन समिति के अनुसार 21 जून को शाम 7 बजे मंदिर परिसर में सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। इसमें क्षेत्रभर के श्रद्धालु भगवान श्रीराम और संकटमोचन हनुमानजी के गुणगान का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त करेंगे। वहीं 22 जून को सुबह 10 बजे से महाप्रसादी भंडारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। ग्रामीणों ने बताया कि बडाटिया स्थित यह प्राचीन हनुमान मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर स्थापना दिवस पर प्रतिवर्ष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं, जिनमें आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर भी यहां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था।



# मंडलेश्वर में स्कूली बच्चों ने योगाभ्यास कर नर्मदा घाट पर की सफाई

**मंडलेश्वर, निप्र ।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक्सीलेंट हायर सेकंडरी स्कूल मंडलेश्वर के विद्यार्थियों ने नर्मदा घाट पर योगाभ्यास किया। स्पोर्ट्स टीचर शोहराब अली ने बच्चों को योग करवाया। इसके साथ ही बच्चों ने नर्मदा घाट की साफ सफाई भी की।

कार्यक्रम में नगर परिषद मंडलेश्वर के अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे मुख्य अतिथि थे विशेष अतिथियों में रामेश्वर पाटीदार डायरेक्टर विकास पाटीदार सचिन पाटीदार शामिल थे अतिथियों का स्वागत संस्था की प्राचार्य डॉ अन्नपूर्णा देशमुख द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को योग का महत्व बताते हुए कहा की योग हमारी दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन योग करता है तो उसे कोई बीमारी नही घेर सकती और बीमार व्यक्ति योग करने से स्वास्थ्य हो जाता है।



## एक नजर में

### असहाय लोगों को रात के समय नि :शुल्क भोजन प्रदान करने का कार्य कर रहे

# 20 वर्षो से परिक्रमा करने वालों की कर रहे नि :शुल्क भोजन सेवा

**नवभारत न्यूज़**

**महेश्वर, निप्र ।** भवानी माता बस स्टैंड पर गुरु कृपा भोजनालय की दुकान संचालित करने वाले परमजीत सिंह छाबड़ा विगत 20 वर्षो से महेश्वर क्षेत्र के नर्मदा परिक्रमा वासियो, नि : साहयजनो - निशक्त जनों के साथ अन्य भिक्षा मांगने वालों कई जनों को निशुल्क भोजन प्रदान करते हुए उनकी सेवा कर रहे हैं।

परमजीत सिंह छाबड़ा निशक्तजनों की भोजन सेवा को सिख समाज की सेवा परंपरा की शिक्षा और सिख समाज के गुरुजनों की प्रेरणा बताते हैं । छाबड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि निसहाय, निशक्त जनों की सेवा करने का संस्कार हमें अपने परिवार में पूज्य पिता स्व. तिलोकचंदजी छाबड़ा के माध्यम से मिला है विदित हो कि परमजीत सिंह छाबड़ा ने कोरोना काल के दौरान भी अपने परिवार जनों की सेवा के माध्यम से कई नि:सख्त जनों को भोजन प्रसादी प्रदान करते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया है । नगर के प्रदीप शर्मा मां रेवा आरती समिति के संरक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरु कृपा भोजनालय का संचालन करने वाले परमजीत सिंह छाबड़ा उर्फ कालू सेठ विगत 20 वर्षों से नर्मदा तट पर विश्राम करने वाले असहाय परिक्रमा वासियों को रात के समय निशुल्क भोजन प्रदान करने का कार्य कर रहे हैं। वही दिनेश राठौर ने बताया कि परमजीत सिंह छाबड़ा उर्फ कालू सेठ निस्वार्थ भाव से अपनी होटल पर आने वाले लगभग 100 से अधिक परिक्रमा वासियों और निशक्तजनों को भोजन प्रदान करते हैं उनकी सेवा करते हैं निशक्तजनों को भोजन प्रदान करने की उनकी यह सेवा सराहनीय है। विदित हो कि परमजीत सिंह छाबड़ा को निशुल्क भोजन सेवा के लिए मां रेवा आरती समिति के संयोजक प्रदीप शर्मा द्वारा 'रेवा सम्मान' से सम्मानित भी किया गया लेकिन परमजीत सिंह छाबड़ा बताते हैं कि प्रतिदिन भोजन सेवा प्रारंभ होने के पूर्व ही होटल में नर्मदा परिक्रमा वासियों के साथ अन्य भिक्षा मांगने वालों के लिए प्रारंभ में ही उनके भोजन पैकेट बनाकर रख दिए जाते हैं जो समय अनुसार उन तक पहुंचा दिए जाते हैं परोपकारी कार्य करने के बावजूद परमजीत सिंह छाबड़ा कहीं भी फोटो खिंचवाने या सेवा कार्य को शो करने पर विश्वास नहीं करते हैं उनका स्पष्ट रूप से मानना है कि परोपकार के कार्यों को लोगों तक पहुंचाने या उनका शो करने से महत्व और पुण्य दोनों काम हो जाता है ।



# सड़क सुरक्षा को लेकर कैडेट्स को किया जागरूक

**खरगोन, निप्र ।** कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप (CATC)-76 के अंतर्गत कैडेट्स को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यातायात प्रभारी श्री रमेश सोलंकी ने उपस्थित कैडेट्स को संबोधित करते हुए सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता पर प्रकाश डाला और सुरक्षित यातायात को समय की आवश्यकता बताया।

सोलंकी ने अपने उद्बोधन में बताया कि विश्व में सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाएं भारत में होती हैं। उन्होंने जानकारी दी कि दुर्घटनाओं की दृष्टि से खरगोन जिला देश के शीर्ष 100 जिलों में शामिल है, जबकि मध्यप्रदेश में इसका स्थान पांचवां है। ऐसे में सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं को सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। उन्होंने कैडेट्स से अपील की कि वाहन चलाने से पूर्व वैध ड्राइविंग लाइसेंस बनवाएं, निर्धारित गति सीमा का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा दोपहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं। साथ ही वाहन के आवश्यक दस्तावेज सदैव साथ रखने की सलाह दी। व्याख्यान के दौरान उन्होंने शासन की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 1.50 लाख रुपये तक नि:शुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा राहगीर योजना के अंतर्गत दुर्घटना पीड़ित की सहायता करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है, वहीं हिट एंड रन मामलों में पात्र पीड़ितों को दो लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। कार्यक्रम में श्री सोलंकी ने कैडेट्स को प्रेरक संदेश देते हुए कहा, 'बचना है, बचाना है और जागरूक करना है'।